कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.08.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में राखी मेकिंग कार्यशाला का आयोजन

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कौशल विकास परिषद के तत्वाधान में राखी मेकिंग सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कौशल विकास प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि भाई–बहन के निश्चल प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व के पूर्व छात्राओं को विभिन्न प्रकार की राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि छात्राओं को रोजगारोपयोगी कार्यशालाओं का अधिक से अधिक उठाना चाहिये जिससे स्वरोजगार हेतु उन्हें प्रेरणा मिल सके। राखी मेकिंग कार्यशाला में बहुत ही कम लागत पर विभिन्न प्रकार की रंग–बिरंगी राखी बनाने का प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। छात्राओं द्वारा बनाई गई राखियों की पैकिंग एवं मार्केटिंग के भी गुर सिखाये गये।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि स्टार्ट–अप एवं कौशल विकास के अंतर्गत लगातार रोजगारोपयोगी मार्गदर्शन विभिन्न विशेषज्ञों के द्वारा दिये जा रहे है। यह कार्यशाला पूर्णतः निःशुल्क है जिसमें छात्राओं को कच्चा माल खरीदने, निर्माण कार्य, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग की सम्पूर्ण जानकारी दी गई।

इस कार्यशाला में 125 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। विशेषज्ञ–वर्षा कुमारी, लाईबा नूर एवं प्रज्ञा वैष्णव ने सात दिन तक छात्राओं को प्रशिक्षित किया।
कार्यशाला के समापन अवसर पर सर्वश्रेष्ठ राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मिलेट राखी बनाने पर बी.एससी. अंतिम की छात्रा – कु. सुषमा विश्वकर्मा को पुरस्कृत किया गया। छात्राओं द्वारा निर्मित राखी की प्रदर्शनी सह–बिक्री की गई।

इस कार्यशाला का संचालन श्रीमती वंदना बंजारे एवं कु. तबस्सुम ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में राखी मेकिंग कार्यशाला का आयोजन